डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय)
सेक्टर–11 जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ–226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2022 / 5371 दिनॉकः 27 जनवरी, 2022

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः सत्र 2021–22 के विषम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरे जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सबन्ध में अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2020–21 के विषम सेमेस्टर (स्नातक एवं परास्नातक) के रेगुलर तथा कैरी ओवर की परीक्षाओं के परीक्षा फार्म ERP के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के पत्रांक ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2022 / 5230 दिनांक 30 नवम्बर, 2021 के द्वारा भरे जाने की सूचना दी गयी थी। उक्त के क्रम में अवगत कराना है माह मार्च में प्रस्तावित सत्र 2021–22 के विषम सेमेस्टर के (स्नातक / परास्नातक) रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों की परीक्षाओं के प्रथम वर्ष के Re-admitted और Ex. छात्र तथा तृतीय सेमेस्टर के बी0टेक एवं बी0फार्म की परीक्षा तथा इनके कैरी ओवर के परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु ERP पोर्टल पुनः खोला जा रहा है। अतः उपरोक्त छात्र / छात्राओं के परीक्षा फार्म यदि नहीं भरे जा सके हैं वे अपने परीक्षा फार्म दिनांक 28 जनवरी, 2022 से दिनांक 10 फरवरी, 2022 तक प्रत्येक दशा में भरा जाना सुनिश्चित करें। ज्ञात हो कि समस्त कोर्सेस के प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष लेटरल एंट्री के नवप्रवेशित छात्रों के प्रथम परीक्षा फार्म उनके Enrollment के समय ही संस्थान द्वारा भर दिए जाते हैं।

अतः आप से अनुरोध है कि अपने संस्थान में अध्ययनरत स्नातक एवं परास्नातक छात्र / छात्राओं को उपरोक्त के सम्बन्ध में सूचित करते हुए संस्थान में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के द्वारा समयानुसार परीक्षा फार्म भरवाने का कष्ट करें।

भवदीय,

Anurag Tripathi 27.01.22

(डॉ0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनॉकः उपरोक्त।
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु।

1. कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर / संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक (एस0) / उप परीक्षा नियंत्रक (डी), ए0के0टी0यू0, लखनऊ ।
3. प्रभारी, ERP ए0के0टी0यू0, लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
4. मीडिया प्रभारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(डॉ0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक